# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 दिसंबर, 2022

अंक : 471
वर्ष : 30


आज़ादी का अमृत महोत्सव

## वेकोलि द्वारा संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों के जरिए 173 युवाओं को मिला रोजगार



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा कोयलांचल में संचालित किए जाने वाले कौशल विकास पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित 173 युवाओं को विभिन्न कम्पनियों एवं संस्थानों में रोजगार का सुनहरा अवसर मिला है।



वेकोलि देश की ऊर्जा आपूर्ति को सुनिश्चित करने के साथ-साथ, सीएसआर के माध्यम से कोयला क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने वाले संस्थानों के माध्यम से रोजगार एवं स्व-रोजगार के अवसर दे रहा है। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ़ पैट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट), फुटवेयर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई), कंफडेरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) स्किल ट्रेनिंग सेंटर, अशोक लीलेंड इंस्टीट्यूट फ़ॉर ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिचर्स, एपारेल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर जैसे प्रशिक्षण संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) कर प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को संचालित किया जा रहा है।





वेकोलि भारत सरकार की रोजगारपरक नीति कौशल विकास को आगे बढ़ते हुए युवाओं के जीवन में नई किरण लेकर आया है और उनको रोजगार और स्व-रोजगार से जोड़ रहा है। विदित हो कि इस वित्तीय वर्ष में कौशल विकास प्रशिक्षण के जरिए अब तक 173 युवाओं को विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों में रोजगार मिला है और युवा खुद को स्व-रोजगार से भी जोड़ कर देश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। वर्तमान में कौशल विकास केंद्रों में 800 से अधिक युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## सीएमडी श्री मनोज कुमार ने किया बल्लारपुर क्षेत्र की खदानों का निरिक्षण



सीएमडी श्री मनोज कुमार एवं निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी दिनांक 10 दिसम्बर 2022 को बल्लारपुर क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने धूपताला ओसी, सास्ती ओसी, पौनी-II तथा गौरी – पौनी मर्जर ओपन कास्ट खदानों का निरीक्षण किया। उन्होंने वर्तमान स्थितियों का जायजा लेते हुए आगे कोयला उत्पादन तथा प्रेषण बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरे में उनके साथ बल्लारपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री सब्यसाची डे, अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।





## बाबासाहब को टीम वेकोलि की आदरांजलि



भारत के संविधान निर्माता, महामानव, भारत रत्न डॉ. बी. आर. आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर टीम वेकोलि ने उन्हें भावभीनी आदरांजलि अर्पित की।

वेकोलि मुख्यालय में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार, निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जय प्रकाश द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री अनिल कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, अधिकारी और कर्मचारी गण ने बाबासाहब डॉ. बी. आर. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अभिवादन किया।

कंपनी के सभी क्षेत्रों में भी बाबासाहब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## वणी नॉर्थ क्षेत्र में खान सुरक्षा निदेशालय के सौजन्य से एक दिवसीय तकनीकी कार्यशाला



दिनांक 15.12.2022 को वणी नॉर्थ क्षेत्र में खान सुरक्षा निदेशालय के सौजन्य से 'एचईएमएम का सुरक्षित इस्तेमाल एवं संबंधित रिकॉर्ड कीपिंग' विषय पर एक दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला वणी नॉर्थ क्षेत्र के जीव्हीटीसी में आयोजित की गई। कार्यशाला में श्री आर. के. श्रीवास्तव, डीएमएस (मेकानिकल) पश्चिम अंचल नागपुर, प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला में वणी नॉर्थ क्षेत्र के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों गण सहभागी रहे। श्री आलोक ललित कुमार, क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यशाला में बताए गए सुझावों को दैनंदिन व्यवहार में लाने का आग्रह किया।



## पाथाखेड़ा क्षेत्र बना अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का विजेता



वणी क्षेत्र में दिनांक 09.12.2022 से 11.12.2022 तक वेकोलि अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता मुंगोली उपक्षेत्र के मनोरंजन केंद्र, घुग्गुस में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में पाथाखेड़ा क्षेत्र की टीम ने जीत हासिल कर विगत कई सालों के अपने टीम चैंपियनशिप टाइटल को बरकरार रखा।

दिनांक 11.12.2022 को पुरस्कार वितरण समारोह में निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने आपने संबोधन में कहा कि खेल के माध्यम से न केवल शारीरिक क्षमता बल्कि मानसिक सबलता भी बढ़ती है। उन्होंने खिलाडियों को अधिक अभ्यास करने और आगे कोल इंडिया के स्तर पर भी जीत हासिल करने हेतु प्रेरित किया। अंत में उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री अभाष चंद्र सिंह, मुख्यालय के कल्याण विभाग के विभागाध्यक्ष श्री ए. एन. वर्मा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## नागपुर क्षेत्र में कर्क् रोग जाँच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन




दिनांक 08/12/22 को नागपुर क्षेत्र के सावनेर उपक्षेत्रिय चिकत्सालय में कर्क् रोग जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सावनेर उपक्षेत्र एवं राष्ट्रसंत टुकड़ोजी महाराज कैंसर हॉसपिटल्, नागपुर के संयुक्त प्रयास से वेकोलि के सामाजिक निगमित उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया।

शिविर मे सावनेर के पास के ग्राम पटका खेड़ी, कोठूड़ी, एरंनगाव आदि के लोग लाभान्वित हुए। साथ ही शिविर में वेकोली के आवासीय कर्मियों ने भी भाग लिया। शिविर में कुल 81 लोग लाभान्वित हुए।



## माजरी क्षेत्र ने किया ग्राम पलसगाँव में भव्य आरोग्य परीक्षण शिविर का आयोजन




दिनांक 13.12.22 को माजरी क्षेत्र ने ग्राम पलसगाँव में भव्य आरोग्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सर्व समान्य जांच तथा रक्तचाप स्क्रीनिंग आदि की गई। शिविर का उद्घाटन ग्राम के तलाठी प्रविण ताजने द्वारा दीप प्रज्वलन तथा फीता काटकर किया गया। शिविर में क्षेत्रीय अस्पताल की टीम जिसमें क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ के. जे. उंबरकर, डॉ. जांभुळकर, डॉ. नेहा घागी आदी ने अपना योगदान दिया। शिविर में कुल 187 लोगों की जाच की गई जिसमें 101 महिलाओं का समावेश रहा। कुछ लोगों को अधिक उपचार के लिये क्षेत्रीय अस्पताल में आने की सलाह दी गई।







वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।